जनपद बिजनौर

प्रेस नोट–रूट डायवर्जन                    दिनॉक 23.11.2024

**दिनांक 26.11.2024 को चांदपुर धनौरा मार्ग पर धनौरा फाटक स्थित रेलवे समपार संख्या 26/बी मार्ग बन्द होने कारण रूट डायवर्जन प्लान।**

अवगत कराना है कि दिनांक 26.11.2024 की प्रातः 06.00 बजे से लेकर दिनांक 27.11.2024 की शाम 20.00 बजे तक चाँदपुर धनौरा मार्ग पर स्थित रेलवे समपार संख्या 26/बी पर रेलपथ की मरम्मत का कार्य किया जायेगा, जिस कारण रेलवे फाटक चाँदपुर धनौरा फाटक सभी वाहनों के लिए पूर्णतः बन्द रहेगा ।

## रूट डायवर्जन प्लान निम्न प्रकार रहेगाः–

- चाँदपुर की ओर से धनौरा गजरौला की ओर जाने वाले हल्के व भारी सभी प्रकार के वाहन कस्बा चाँदपुर में फीना तिराहा से वाया बेलवाला चौकी थाना शिवाला कला से होकर अपने–अपने गन्तवय को जायेगें व इसी मार्ग से वापस आयेगें ।

किसी भी प्रकार की असुविधा के बचने के लिए उपरोक्त रूट डायवर्जन का पालन करें ।

जनपद बिजनौर

प्रेस नोट–रूट डायवर्जन दिनॉक 23.11.2024

**दिनांक 25.11.2024 से दिनांक 01.12.2024 तक राष्ट्रीय राजमार्ग–119 नजीबाबाद कोटद्वार मार्ग को किमी 134+910 पर स्थित सुखरो नदी पर निर्मित सेतु के Expansion Joint & Bearing का रिपलेसमेंट का कार्य होने कारण रूट डायवर्जन।**

अवगत कराना है कि दिनांक 25.11.2024 से 01.12.2024 तक समय 12.00 बजे से 16.00 तक के लिए कार्य पूर्ण होने तक के लिए प्रतिदिन राष्ट्रीय राजमार्ग–119 नजीबाबाद कोटद्वार मार्ग पर किमी 134+910 पर स्थित सुखरो नदी पर निर्मित सेतु के **Expansion Joint & Bearing** का रिपलेसमेंट का कार्य किया जायेगा, जिसके कारण दिनांक 25.11.2024 से 01.12.2024 तक समय नजीबाबाद से कोटद्वार की ओर जाने वाले सभी वाहनों के लिए मार्ग पूर्णतः बन्द रहेगा ।

## रूट डायवर्जन प्लान निम्न प्रकार रहेगाः–

- नजीबाबाद से कोटद्वार जाने वाले समस्त हल्के वाहन चौकी गंगनहर समीपुर से नगीना रोड (नगीना हैड) से गंगनहर टांडामाईदास से, टांडामाईदास से घासीवाला ( रायपुर रोड़) से शंकरपुर से कोटद्वार जायेंगे व इसी मार्ग से वापस आयेगें। (सम्पूर्ण डायवर्जन मार्ग पक्की सड़क लम्बाई लगभग 28 किमी ) ।
- नजीबाबाद से कोटद्वार जाने वाले समस्त भारी वाहन दिनांक 25.11.2024 से 01.12.2024 तक समय 12.00 बजे से 16.00 बजे तक प्रतिदिन किसान सहकारी चीनी मिल के पास रोका जायेगा व समय 16.00 बजे के बाद भेजा जायेगा।

किसी भी प्रकार की असुविधा के बचने के लिए उपरोक्त रूट डायवर्जन का पालन करें ।

**जनपद बिजनौर**

**प्रेस नोट – थाना नजीबाबाद** **दिनांक – 23.11.2024**

**थाना नजीबाबाद पुलिस ने मु0अ0सं0 280/24 धारा 120बी/420/406/467/468/471 में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

**संक्षिप्त विवरण –**



दिनांक 01.06.2024 को वादी श्री बलकरन सिंह पुत्र राम स्वरूप सिंह निवासी ग्राम अलावलपुर थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर ने थाना नजीबाबाद पर अभियुक्तगण 1.आरिफ पुत्र तालिब निवासी ग्राम समीपुर थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर 2.परवेन्द्र पुत्र छोटे सिंह 3.शबनम पुत्री मोबीन खां निवासी मौ0 मिर्दगान थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर के विरुद्ध एक राय होकर वादी की जमीन का फर्जी बैनामा करा लेने के सम्बंध में मु0अ0सं0 280/24 धारा 120बी/420/406/467/468/471 भादवि पंजीकृत कराया गया।

**कार्यवाही –**

आज दिनांक 23.11.2024 को थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त आरिफ पुत्र तालिब निवासी ग्राम समीपुर थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम –**

आरिफ पुत्र तालिब निवासी ग्राम समीपुर थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0सं0 165/17 धारा 308/323/504/506 भादवि थाना नगीना जनपद बिजनौर
2. मु0अ0सं0 404/20 धारा 324/326ए/452/504/506 भादवि थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर
3. मु0अ0सं0 224/24 धारा 120बी/420/406/467/468/471/506/419 भादवि थाना नजीबाबाद बिजनौर
4. मु0अ0सं0 280/24 धारा 120बी/420/406/467/468/471 भादवि थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1-व0उ0नि0 श्री इलम सिंह थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर

2-कां0 2131 सुभाष व थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर

3-कां0 1042 समोद थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर

4-कां0 944 गौरव थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर

5-म0कां0 2404 साक्षी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर

**जनपद बिजनौर**

**प्रेस नोट – नहटौर** **दिनांक – 23.11.2024**

**थाना नहटौर क्षेत्रान्तर्गत ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास हुई सडक दुर्घटना के संबंध में।**

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 22.11.2024 को समय करीब 23.00 बजे थाना नहटौर क्षेत्रान्तर्गत नहटौर-कोतवाली देहात रोड पर ऑक्सफोर्ड चौराहे के पास एक स्कॉर्पियो गाडी अनियंत्रित होकर सडक किनारे पेड से टकरा गई जिससे गाडी मे सवार 07 व्यक्ति घायल हो गए।

वरिष्ठ अधिकारीगण स्थानीय पुलिस के साथ तत्काल मौके पहुंचे तथा सभी घायलो को उपचार हेतु सीएचसी नहटौर भिजवाया गया, जहांपर उपचार के दौरान 04 व्यक्तियों (02 महिलाएं व 02 बच्चियां) की दुखद मृत्यु हो गई। घटना मे घायल अन्य 03 व्यक्तियों को जिला अस्पताल बिजनौर रेफर किया गया। परिजनो को सूचना दे दी गई। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि सुल्तान (42 वर्ष) पुत्र असरफ निवासी ग्राम नसीबपुर थाना नहटौर जनपद बिजनौर अपने परिवार के 06 सदस्यो के साथ उपरोक्त गाडी द्वारा नजीबाबाद से अपने ग्राम नसीबपुर जा रहा था। थाना नहटौर पुलिस द्वारा मृतको के शवो को पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाया गया है। घायल सुल्तान उपरोक्त को उपचार हेतु हायर सेन्टर मेरठ रेफर किया गया है तथा अन्य 02 घायल बुद्धा अस्पताल बिजनौर में उपचाराधीन है। आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

सडक दुर्घटना मे मृतक/घायलो का विवरण-

**मृतको का विवरण-**

1.गुलफ्सा (उम्र करीब 41 वर्ष) पत्नी सुल्तान निवासी ग्राम नसीबपुर थाना नहटौर जनपद बिजनौर।
2.खुशी (7 वर्ष) पुत्री सुल्तान निवासी उपरोक्त।
3.एक नवजात बच्ची (उम्र करीब 15 दिन) पुत्री सुल्तान निवासी उपरोक्त।
4.चांदबानो (उम्र करीब 48 वर्ष) पत्नी दिलशाद निवासी लालढांग थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड।

**घायलो का विवरण-**

1.सुल्तान (उम्र करीब 42 वर्ष) पुत्र अशरफ निवासी ग्राम नसीबपुर थाना नहटौर जनपद बिजनौर।
2.साद (उम्र करीब 5 वर्ष) पुत्र सुल्तान उपरोक्त।
3.अरीबा (उम्र करीब 18 वर्ष) पुत्री चांदबानो उपरोक्त।